संख्या-196/2022/1749ई/23-11-2022/008-1-2-74-2018टी0सी0

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 05 दिसम्बर, 2022**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-2231/CE-SEB/ROB/ADY/2022-23, दिनांक 23-11-2022, पत्र संख्या-2232/CE-SEB/ROB/MIR/2022-23, दिनांक 23-11-2022, पत्र संख्या-2236/CE-SEB/ROB/ALI/2022-23, दिनांक 25-11-2022 एवं पत्र संख्या-2238/CE-SEB/ROB/MIR/2022-23, दिनांक 25-11-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 04 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 2700.03 लाख (रू0 सत्ताईस करोड़ तीन हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	सेतु अंश/ प्रावैधिक/ बघ्रत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
						अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	अयोध्या	जनपद अयोध्या में फैजाबाद-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार संख्या-118ए (फतेहगंज) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6936.45	6016.45 / 4857.91	1504.00	728.78	196.18	**924.96**
2	मिर्जापुर	जनपद मिर्जापुर में उ0म0रे0 के डी0एफ0सी0सी0 मार्ग पर प्रयागराज-पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर रेल सेक्शन के गयपुरा यार्ड के सम्पार संख्या-12बी (कि0मी0-755/19-21) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6096.18	4523.19 / 4014.30	3391.60	332.49	89.50	**421.99**
3	अलीगढ़	जनपद अलीगढ़ में डी0एफ0सी0सी0 रूट के अन्तर्गत अलीगढ़ बाईपास के आगरा बाईपास (नजदीक दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन) पर टूण्डला-गाजियाबाद रेल सेक्शन के कि0मी0 1320/3-5 के रेल सम्पार संख्या-105सी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	8242.43	5601.48 / 5575.05	5296.30	219.63	59.12	**278.75**
4	भदोही	जनपद भदोही में बाबतपुर-कपसेठी-भदोही मार्ग पर कपसेठी-परसीपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेल सम्पार संख्या-24स्पेशल/3ई पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	7016.59	5183.52 / 4734.00	50.00	846.46	227.87	**1074.33**
		योग:-				**2127.36**	**572.67**	**2700.03**

नियम व शर्तो/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों

http://shasan.up.nic.in

के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 21,27,36,000(रूपये इक्कीस करोड़ सत्ताईस लाख छत्तीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010516 रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यों हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य(2) रुपये 5,72,67,000(रूपये पॉच करोड़ बहत्तर लाख सरसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891500 रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओ का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-196/2022/1749ई(1)/23-11-2022/008-1-2-74-2018टी0सी0-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in